## चित्रकला स्पर्धा में झूलेलाल साईं की प्रतिमा निखारी

### स्वच्छता प्रेरणा के साथ दिया जागरुकता का संदेश





**मंडला, देशबन्धु।** सिंधी समाज के आराध्य देव श्री झूलेलाल भगवान की जयंती के अवसर पर विभिन्न आयोजन की श्रृंखला में शनिवार को चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग के लिए अलग आयोजन किए गए। नन्हे बाल कलाकारों के लिए साईं झूलेलाल के चित्र में रंग भरने की प्रतिस्पर्धा रही। सभी आयु वर्ग के लिए मानव सेवा सच्ची सेवा, स्वच्छता प्रेरणा, चौटीचण्ड्र महोत्सव विषय पर चित्रकारी एवं रंग भरने का आयोजन किया गया। नन्हे बाल कलाकारों के लिए सिंधी नर्सरी रायम्स कविताओं प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, इसमें समय सीमा निर्धारित की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंधियत को प्रोत्साहन देना रहा एवं बाल कलाकारों को हमारे इष्ट देव की आराधना करने के लिए प्रेरित किया गया, इसके साथ ही स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में जागरूकता संदेश के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया। पेंटिंग के माध्यम से नगर की स्वच्छता के लिए सकारात्मक संदेश दिया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में बाल कलाकारों के साथ हर उम्र के सदस्यों ने सहभागिता की और आयोजन को सफल बनाया।

नन्हे कलाकारों के लिए आयोजित नर्सरी रायम्स कविताओं में बाल प्रतिभाओं ने भगवान झूलेलाल से संबंधित कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया ।प्रतिस्पर्धा में विजेता प्रतिभागियों को सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर जीवनरक्षक दवाओं का किया वितरण

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** मंडला देश की आंतरिक सुरक्षा एवं नक्सलवाद , माओवाद का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 148 वी बटालियन मध्य प्रदेश के मंडला एवं बालाघाट में तैनात है तथा विक्रांत सारंग पाणी कमांडेंट 148 वाहिनी के मार्गदर्शन में एफ/148 बटालियन भिलवानी द्वारा आम जनता के बीच भारत सरकार एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रति सकारात्मक सोच एवं पुलिस पब्लिक सहयोग को बढ़ाने हेतु सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं । हाल ही में मंडला एवं बालाघाट जिले में कई नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने के उपरांत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 148 बटालियन के द्वारा दिनांक 29 3.2025 को ग्राम पंचायत खटोला में नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। ग्राम भिलवानी, खटोला, चंदिया ,आमाटोला एवं अजय नगर के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर जीवन रक्षक दवाइया प्राप्त की । इस अवसर पर रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि 148 बटालियन आने वाले समय में मंडला और बालाघाट के नक्सल प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के लिए इस तरह के कई आयोजन करती रहेगी। इस आयोजन में ग्राम पंचायत खटोला और आसपास क्षेत्र में निवास करने वाले अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया तथा उनमें इस कार्यक्रम को लेकर अत्यधिक उत्साह व संतोष था । उक्त कार्यक्रम से ग्राम पंचायत खटोला के ग्राम वासियों ने निशुल्क जीवन रक्षक दवाइयां का प्राप्त की तथा 148 बटालियन द्वारा आयोजित इस कल्याणकारी कार्यक्रम हेतु ग्रामीणों द्वारा आभार व्यक्त किया गया । इस आयोजन के दौरान 148 बटालियन के उप कमा. अरुण कुमार ,केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ भाग्य लक्ष्मी (मेडिकल ऑफिसर ) ,नि/जीडी हिवाले नितिन भीमराव ,(कंपनी कमांडर एफ/ 148 बटालियन) निरीक्षक जीडी शेर सिंह एवं थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक धर्मेंद्र धुर्वे, डॉक्टर ओ पी पटेल, डॉक्टर किरण ,डॉक्टर नंदलाल नायक एवं लैब टेक्नीशियन व स्टाफ नर्स प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया और जनपद सदस्य श्रीमती सरिता उइके, ग्राम पंचायत खटोला सरपंच श्रीमती दयावती मरावी ,रोजगार सहायक श्री विश्वनाथ यादव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।



### सार-समाचार

## गृह वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**भुआ बिछिया।** शनिवार को विद्या भारती के दिशानिर्देश में सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआ -बिछिया में गृह वार्षिक परीक्षा कक्षा नर्सरी से कक्षा नवम तक परिणाम घोषित किया गया। स्थान प्राप्त छात्र /छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार द्वारा प्रोत्साहित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि - मोहनी उसराठे (शास.शिक्षक) अध्यक्ष किशोरी लाल साहू व्यवस्थापक, विशिष्ट अतिथि - युवराज ठाकुर (शास.शिक्षक), राजेश उइके एवं परिषद मनोनीत सदस्य -गोपाल सिंह राजपूत के करकमलों द्वारा मां सरस्वती, ऊं,भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र ने आभार व्यक्त किया । संचालन सीमा यादव के द्वारा किया गया।

## प्रभारी कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला फूलसागर में एफएलएन मेले का अवलोकन किया



**मंडला, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शासकीय प्राथमिक शाला फूलसागर में आयोजित एफएलएन (बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान) मेले का अवलोकन किया। मेले में बच्चों द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें पठन, लेखन और गणितीय कौशल शामिल थे। प्रभारी कलेक्टर ने बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि एफएलएन कार्यक्रम बच्चों की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया। इस इस दौरान शेषमणि गौतम सहित संबंधित उपस्थित थे।

## अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री रामहंस पचौरी के मार्गदर्शन में 27 मार्च को मदिरा का अवैध विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जिसमें आबकारी वृत डिंडोरी एवं समनापुर के द्वारा ग्राम अण्डई, सुंदरपुर, देवलपुर एवं डिंडोरी में किराना दुकान, अंडा दुकान, ढाबा और रिहायशी मकान जैसे अलग-अलग स्थानों पर तलाशी लिए जाने पर 34.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 24 पाव जीनियस रम, 158 पाव जीनियस व्हिस्की वह 49 पाव देशी मदिरा प्लेन मिलने से 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में देशी मदिरा 9 लीटर, विदेशी मदिरा 33 लीटर हाथ भट्टी शराब 34.5 लीटर जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 35100/-रूपये है। उक्त कार्यवाई मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री एम.आर. उईके, डिंडोरी वृत प्रभारी श्री एस.एस. धुर्वे, आबकारी आरक्षक श्री छिद्दी लाल झारिया, श्री मनीष उईके एवं करिशमा सलामे मौजूद रहे।

## सनातन धर्मोत्सव परिवार की मातृशक्तियां आज निकालेंगी नगर में भव्य वाहन रैली



**मंडला, देशबन्धु।** श्रीराम मंदिर पड़ाव में सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला शहर की मातृशक्तियों की अंतिम बैठक संपन्न हुई। बैठक में 30 मार्च, रविवार को निकलने वाली दो पहिया वाहन रैली की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया।

रैली की मीडिया प्रभारी पूजा ज्योतिषी ने बताया कि सनातन धर्मोत्सव परिवार द्वारा आयोजित मातृशक्ति वाहन रैली का शुभारंभ 30 मार्च को राजीव कॉलोनी दुर्गा मंदिर से दोपहर 3 बजे किया जाएगा। यह रैली नगर भ्रमण करते हुए लालीपुर चौक दुर्गा मंदिर में संपन्न होगी। आयोजक समिति ने मंडला जिले की समस्त मातृशक्तियों से अपील की है कि वे भगवा वस्त्र और पगड़ी धारण कर इस दो पहिया वाहन रैली में शामिल हों। सनातन धर्मोत्सव परिवार की ओर से पहली बार आयोजित इस वाहन रैली को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।

मीडिया प्रभारी पूजा ज्योतिषी ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में धार्मिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना, समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार को बढ़ावा देना है। मातृशक्ति के सम्मान, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ सामाजिक एकता एवं संस्कारों को मजबूत करने का भी एक माध्यम है। यह रैली धार्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और महिलाओं की आध्यात्मिक भूमिका को सशक्त बनाने का प्रयास भी करेगी।

## दिगम्बर जैन मंदिर में ग्रीष्म कालीन जैन पाठशाला प्रारंभ



**मंडला, देशबन्धु।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में ग्रीष्मकालीन जैन पाठशाला प्रारंभ प्रतिदिन रात्रि में 7 बजे से 7.30 तक फिर 7.30 8.00 बजे तक लगेगी याठशाला में संस्कार धार्मिक शिक्षण अन्य गतिविधियो को भी सिखाया जाएगा । प्रति रविवार को सुबह 8 बजे पूजन नाश्ता रात्रि में 7 .30 बजे मस्ती की पाठशाला भजन नृत्य गेम आदि कार्यक्रम पुरस्कार वितरण आदि का कार्यक्रम होगा । जिन बच्चों ने अपने अपने नाम दिये और जो बच्चे आए और उनके माता पिता का आभार (बच्चों को भेजने के लिए) बच्चे आए उनके भावों की पुण्य की बहुत बहुत अनुमोदना वधाई हो । बच्चों ऐसे ही छोटे छोटे संस्कार और नियम एक दिन हमें अपनी पहचान स्थान और हमारी प्रगति सफलता में सहायक होते हैं। इसलिये प्रतिदिन आधा घंटे का समय जरूर निकाले और धर्म लाभ लें। आज तो पहला दिन फिर भी उम्मीद से ज्यादा लगभग 15 से 20 बच्चे आए और नाम तो 35 बच्चों के आ गए है बहुत खुशी की बात है कि हमारी पाठशाला बहुत ही शीघ्र मंडला जैन समाज का नाम रोशन करेंगी।

## छह साल के जैद ने रखा पहला रोजा



**मंडला, देशबन्धु।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह रमजान चल रहा है। रमजान के महीने में मुस्लिम समाज के लोग पूरे 1 माह तक उपवास रखते हैं जिसे रोजा कहा जाता है।

इस दौरान सूर्योदय के पूर्व से लेकर सूर्यास्त तक रोजेदार कुछ भी खाते पीते नहीं है। रोजे रखने को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह देखा जाता हैं। ऐसे ही एक उत्साही बालक जैद ने रमजान माह के 28वे रोजे के दिन शनिवार को अपना पहला रोजा रखा। कलेक्ट्रेट हाउसिंग सोसायटी निवासी सैयद कमर अली के पोते और सैयद इम्तियाज अली के बेटे सैयद जैद अली ने 6 साल की उम्र में अपना पहला रोजा रखा।

## बीजाडांडी में वाटरशेड यात्रा समारोह



**मंडला, देशबन्धु।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना (च्ड्झैल् 2.0) के तहत परियोजना क्रमांक 4 जनपद पंचायत बीजाडांडी जिला मंडला में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह कस्टम हायरिंग सेंटर बीजाडांडी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत से सदस्यगण, जनपद पंचायत के सदस्यगण, जिला पंचायत से मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, जनपद पंचायत से मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संती दुबे, वाटरशेड परियोजना से जिला परियोजना अधिकारी श्री उमेश सिंगरौरे एवं समस्त वाटर सेट से कर्मचारीगण और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में कलश यात्रा निकाली गई इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सभी सदस्यों द्वारा पानी रोको अभियान में ग्रामवासियों को जुड़ने का सन्देश दिया गया एवं इसके फायदे समझाए गए। मंच संचालन जिला परियोजना अधिकारी उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण के विषय पर शपथ ली गई एवं वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## सृष्टि आरंभ दिवस पर निकलेगी चुनरी व कलश यात्रा

**मंडला, देशबन्धु।** नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट माहिष्मति घाट मंडला के तत्वाधान में सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के अवसर पर भव्य चुनरी एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया है।

रविवार, दिनांक 30 मार्च 2025 की शाम 5 बजे चुनरी व कलश यात्रा का शुभारंभ मां शीतला माता मंदिर, जेल ग्राउंड से शुरू होगा। चुनरी व कलश यात्रा समापन माहिष्मति घाट में होगा। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट माहिष्मति घाट ने सभी मंडलावासियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## प्रभारी कलेक्टर ने आरडी कॉलेज ऑडिटोरियम में विक्रमादित्य महोत्सव के सूर्य उपासना कार्यक्रम की तैयारियां देखीं



**मंडला, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने आरडी कॉलेज के ऑडि-टोरियम का निरीक्षण करते हुए 30 मार्च को विक्रमादित्य महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले सूर्य उपासना कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ऑडिटोरियम में बैठक व्यवस्था, मंच की तैयारी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं। इस अवसर पर एसडीएम मण्डला सोनम सिडाम, सीईओ जनपद पंचायत मंडला विनोद मरावी, बीईओ रंजीत गुप्ता, डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सार्वजनिक कूप निर्माण का किया निरीक्षण

**मंडला।** बीजाडांडी विकासखंड के ग्राम मानिकसरा में चल रहे सार्वजनिक कूप निर्माण कार्यों का प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभारी कलेक्टर श्री कूमट ने कहा कि कूप की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दें। कूप के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से फेंसिंग कराएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

## जल गंगा जल संवर्धन अभियान की तैयारियों का प्रभारी कलेक्टर ने लिया जायजा



**मंडला, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने माहिष्मती घाट का निरीक्षण करते हुए 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे जल गंगा जल संवर्धन अभियान की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चुनरी एवं कलश यात्रा के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर श्री कूमट ने कहा कि माँ नर्मदा तट के घाट क्षेत्र की साफ-सफाई सुनिश्चित करें।

जल गंगा जल संवर्धन अभियान के दौरान जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाएं और जल स्रोतों के संवर्धन के लिए लोगों को प्रेरित करें। प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरा कराएं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मण्डला सोनम सिडाम, सीईओ जनपद पंचायत विनोद मरावी, सीएमओ नगर पालिका गजानन नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।